हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा]

04 विधायक के प्रयासों से एनवीडीए ने दी स्वीकृति 4,730 हेक्टेयर...



07 मतदान कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वरों को निष्पक्षता से चुनाव कराने...



सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा के दिव्य स्वरूपों का कथक के जरिए मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन आगर-मालवा के संयुक्त तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर बुधवार सायं मां बगलामुखी मंदिर परिसर में 'शक्ति पर्व' की सांस्कृतिक संध्या देवी आराधना, नृत्य और भक्ति संगीत के नाम रही। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग से आमंत्रित कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां देते हुए विभिन्न कला रूपों के माध्यम से देवी शक्ति की महिमा और वैभव को मंच पर भक्ति गायन एवं नृत्य नाटिका के माध्यम से साकार किया। कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सांस्कृतिक संध्या का यह कार्यक्रम देर रात तक चला।

बुधवार देर शाम आयोजित इस

मां बगलामुखी के आंगन में शक्ति पर्व का आयोजन, भक्ति गायन व नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियों से सराबोर रहा वातावरण

कार्यक्रम की शुरुआत कथक नृत्य शैली पर आधारित प्रस्तुति में मां सरस्वती, मां लक्ष्मी और मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप, उनकी उत्पत्ति, शक्तियों और महिमा को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। नृत्य, भावाभिनय, संगीत और सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से तीनों देवियों के विशिष्ट गुणों को सजीव किया गया। नाटिका में मां सरस्वती को



ज्ञान, विद्या, कला और संगीत की अधिष्ठात्री, मां लक्ष्मी को धन, समृद्धि और वैभव की प्रतीक तथा मां दुर्गा को शक्ति, साहस और अधर्म के विनाश का स्वरूप दर्शाया गया। प्रस्तुति के प्रमुख प्रसंगों में तीनों देवियों की उत्पत्ति, उनके दिव्य स्वरूप और महिषासुर वध की कथा का मंचन हुआ। भक्तिमय कीर्तन के साथ नाटिका का समापन हुआ। प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया।

नृत्य-नाटिका और भक्ति गायन ने बांधा समां

सांस्कृतिक संध्या में दूसरी नृत्य-नाटिका के माध्यम से देवी शक्ति की महिमा और उनसे जुड़े प्रसंगों को मंच पर प्रस्तुत किया गया। इसके बाद भोपाल के सुनील पांडेय एवं साथी मोक्ष बैंड द्वारा लोक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। भोपाल की प्रियंका जोशी एवं साथी कलाकारों के दल ने मां आदिशक्ति नृत्य नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति दी। भोपाल के ही भारती विश्वनाथन एवं साथी कलाकारों द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी। सभी कलाकारों ने देवी आराधना पर आधारित भजन एवं गीतों की सुंदर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित दर्शकों एवं श्रद्धालुओं ने करतल ध्वनि से कलाकारों का स्वागत किया तथा नृत्य नाटिका को भी सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय संगीत के बीच श्रद्धालु देवी आराधना में लीन नजर आए। भक्ति गायन के साथ शक्ति पर्व की सांस्कृतिक संध्या का समापन हुआ। कार्यक्रम में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा एसडीएम सुसनेर नलखेड़ा देव कुंवर सोलंकी,तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, नगर परिषद सीएमओ मिनी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मंदिर परिसर को विभिन्न रंगों के आकर्षक फूलों व विद्युत रोशनी से सजाया

मां बगलामुखी मंदिर में जारी है शक्ति की आराधना, नवरात्रि में उमड़ रहे श्रद्धालु







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस शक्तिपीठ पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलकामना के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर को विभिन्न रंगों के आकर्षक फूलों और विद्युत रोशनी से सजाया गया है, जिससे मंदिर की छटा देखते ही बन रही है। नवरात्रि के दौरान मां बगलामुखी का विभिन्न रंगों की चुनर तथा आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। माता रानी के इस अलौकिक स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। मंदिर में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो दिनभर जारी रहता है। श्रद्धालु माता के दरबार में मत्था टेककर सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

मंगला आरती और संध्याकालीन आरती में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़: शारदीय नवरात्रि के दौरान मंदिर में होने वाली मंगला आरती और संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। सुबह 6 बजे मंगला आरती तथा शाम 7:30 बजे संध्याकालीन आरती के दौरान भक्तिमय वातावरण बन जाता है। आरती के समय मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठता है। घंटों, घड़ियालों और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आते हैं।

फूलों और रोशनी से सजा माता का दरबार : नवरात्रि पर्व को लेकर मां बगलामुखी मंदिर में विशेष सजावट की गई है। विभिन्न रंगों तथा प्रजातियों के फूलों की मालाओं और आकर्षक विद्युत रोशनी से सजा माता का दरबार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे भक्त इस मनोहारी दृश्य को देखकर भावविभोर हो रहे हैं। मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों और पूजन-अर्चन के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

मां बगलामुखी के दरबार में सात दशक से जल रही अखंड ज्योत



सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर में माता रानी के गर्भगृह में लगभग सात दशक से अखंड ज्योत जल रही है। माता रानी के भक्तों के साथ कई वीआईपी द्वारा स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ अपने परिवार की सुख समृद्धि तथा खुशहाली के लिए भी ज्योत जलवाई जाती है। मां बगलामुखी के मुख्य पुजारी मनोहरलाल भिलाला ने बताया कि माता रानी के गर्भगृह में पिछले लगभग 65 से 70 वर्षों से अखंड ज्योत जल रही है। पूर्व में यह शुद्ध घी से जलती थी अब शुद्ध तेल से जलती है। उन्होंने बताया कि उनके पिताजी मांगीलालजी भिलाला के समय से यह ज्योत अखंड रूप से जल रही है।

प्रतिदिन एक हजार से अधिक हो रहे हवन

नगर में प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ पर सम्पूर्ण क्षेत्रवासी के साथ देश के कई स्थानों से भक्त मंदिर पहुंच रहे। मंदिर पर पर्व के प्रथम दिन से ही बड़ी संख्या में भक्त माता के दरबार पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी हजारों भक्त माता रानी के दर्शन को पहुंचे। माता भक्त नवरात्रि पर्व में शक्ति की भक्ति में लीन है। कोई पर्व के इन दिनों में उपवास की तपस्या कर रहा है, तो कोई नंगे पैर रहकर तपस्या में लीन है। कोई जाप कर रहा है तो कोई दर्शन मात्र से स्वयं को धन्य मान रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशालाओं में प्रतिदिन एक हजार से पंद्रह सौ हवन हो रहे है। जिससे सम्पूर्ण मंदिर परिसर हवन-अनुष्ठान के मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो रहा है एवं हवन से उठने वाली सुंगध से महक रहा है।

आस्था का प्रमुख केंद्र है मां बगलामुखी मंदिर

मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में स्थित मां बगलामुखी मंदिर देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्रि के दौरान यहां दूर-दराज के क्षेत्रों से भी भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की आस्था और माता रानी के प्रति अटूट विश्वास के चलते नवरात्रि पर्व पर मंदिर में विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिल रहा है।

जनप्रतिनिधियों के पत्रों का समय-सीमा में हो निराकरण

विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में सांसद ने दिए निर्देश, योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के मंदसौर डिवीजन कार्यालय में सांसद सुधीर गुप्ता ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यों की गुणवत्ता, जनसमस्याओं के निराकरण और विद्युत उपकरणों की सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में केंद्र सरकार की आरडीएसएस एवं केएफडब्ल्यू योजनाओं, राज्य शासन की एसएसटीडी योजना तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि आम नागरिकों को इनका लाभ मिल सके। साथ ही योजनाओं के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के स्थलों पर योजना एवं कार्य से संबंधित संपूर्ण जानकारी वाले सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं।

त्योहारों के समय निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता ने त्योहारों के दौरान विद्युत कटौती को लेकर कहा कि त्योहारों के समय निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत लाइनों एवं उपकरणों के मेंटेनेंस कार्य समय से पूर्व ही पूरे कर लिए जाएं, ताकि त्योहारों के दौरान आमजन को बिजली कटौती की समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रबी की फसल की सिंचाई के लिए किसानों को समय पर पानी उपलब्ध हो सके, इसके लिए निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। सांसद ने जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं एवं कार्यों के संबंध में भेजे जाने वाले पत्रों पर गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों का 15 से 20 दिनों के भीतर निराकरण किया जाए तथा की गई कार्रवाई से प्रत्युत्तर के माध्यम से संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाए।

पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की समीक्षा

सांसद ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजना से संबंधित तुलनात्मक डाटा तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के प्रचार-प्रसार के साथ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए, जिससे नागरिक सौर ऊर्जा का लाभ उठा सकें। बैठक में विद्युत उपकरणों की चोरी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। सांसद ने निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मर, ऑयल, कॉइल सहित अन्य विद्युत उपकरणों की चोरी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर चोरी की घटनाओं में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान, गिरफ्तारी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत संसाधनों की सुरक्षा तथा चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सक्रियता से कार्य करने को कहा। बैठक में सांसद ने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना, विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना तथा नागरिकों की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में अधीक्षण यंत्री योगेश आठनेरे, कार्यपालन यंत्री संचालन-संधारण मंदसौर दीपक बांदिल, मल्हारगढ़ के संतराम उइके, गरोठ के गिरीश शाक्य, सीतामऊ के अमित कुमार सिंह, एसटीसी के कार्यपालन यंत्री पियुष पंवार तथा वृत्त कार्यालय मंदसौर के सहायक यंत्री पंकज कुमावत सहित विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

17 को 300 विषयों के स्मरण का होगा प्रदर्शन

त्रिस्तुतिक श्री संघ के समुदाय में पहली बार होगा त्रिशतावधान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गुरुराज जन्म द्विशताब्दी वर्ष के अवसर पर सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ चातुर्मास समिति एवं अ.भा. श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद परिवार, महिदपुर रोड के तत्वावधान में त्रिस्तुतिक परंपरा में पहली बार त्रिशतावधान (300) का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आसपास के अनेक श्री संघो का मंगल आगमन होगा। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर 300 विषयों को एक साथ स्मरण रखने की अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम 17 अक्टूबर को प्रातः 8:30 बजे गोविन्दम वाटिका, नागदा तिराहा, महिदपुर रोड पर होगा।

आयोजन में साध्वी डॉ. अमृतरसाश्रीजी म.सा. की पावन निश्रा रहेगी। साथ ही साध्वी निरागरसा श्रीजी म.सा., साध्वी जिनांशरसाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-3 की मंगलकारी उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर आसपास के अनेक श्री संघो जावरा, रतलाम, नागदा, भाट पचलाना ,खाचरोद, मंदसौर, महिदपुर, ताल, आलोट सहित अन्य स्थानों के श्री संघो का मंगल आगमन होगा। सकल जैन श्री संघ एवं चातुर्मास समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पधार कर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।



आधा दर्जन से अधिक चुनरी यात्राएं पहुंची मां के दरबार

नलखेड़ा। शारदीय नवरात्रि महापर्व के दौरान गुरुवार को मां बगलामुखी के दर पर आधा दर्जन से अधिक चुनर यात्राएं पहुंची। इन चुनर यात्राओं के नगर में से निकलने से नगर का वातावरण भी धर्ममय दिखाई दे रहा था। गुरुवार को आसपास के ग्रामों से आधा दर्जन से अधिक चुनर यात्राएं मां बगलामुखी मंदिर पहुंची। सभी चुनर यात्राओं में भक्त डीजे व ढोलक पर थिरकते चल रहे थे वही महिलाएं अगाध आस्था के साथ सिर पर चुनर धारण किये चल रही थी। चुनर यात्राएं मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहाँ माता रानी के चरणों में चुनर समर्पित की गई। नगर के प्रमुख मार्गों से डीजे पर माता रानी के भजनों के साथ एवं माता के जयकारों के साथ निकली उक्त चुनर यात्राओं से नगर का वातावरण भी धर्ममय दिखाई देने लगा था। नगर में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर चुनर यात्राओं का स्वागत किया गया।

नवरात्रि पर विभिन्न मंदिरों पर जारी है आदि शक्ति की आराधना

कालका माता मंदिर जहां भक्तों की मन्नत होती है पूर्ण

वृहन्नला प्रेमबाई ने मंदिर का निर्माण करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





नलखेड़ा नगर प्राचीन देव स्थानों के लिए प्रसिद्ध है। पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी के नाम से इस नगर की ख्याति देश-विदेश में भी फैल रही है। वहीं नगर सहित क्षेत्र में ऐसे कई प्राचीन एवं प्रसिद्ध देव स्थान भी हैं, जहां पर नवरात्रि पर्व के दिनों में बड़ी संख्या में भक्त अपनी मनोकामना लेकर पहुंच रहे हैं। नगर में मां कालिका का मंदिर भी है जो वृहन्नला द्वारा बनवाया गया है। मां चामुंडा का मंदिर भी है जहां स्थित प्रतिमा दिन में तीन स्वरूप बदलती है। सुईगांव में मां चौसठ योगिनी मंदिर, बड़ागांव का मां चामुंडा माता मंदिर व गुदरावन के बालाजी हनुमान मंदिर पर नवरात्रि के इन दिनों में भक्तों की आस्था उमड़ती दिखाई दे रही है।

नगर के नयापुरा मोहल्ले में मां कालिका व केवड़िया स्वामी भैरव बाबा का मंदिर स्थित है। यहां निःसंतान दंपतियों की कामना मां के आशीर्वाद से पूर्ण होती है। इस स्थान पर नवरात्रि पर्व में भक्तों की श्रद्धा मां के दर्शनों के लिए उमड़ती है। नगर की वृहन्नला प्रेमबाई ने मंदिर का निर्माण करवाया है। मंदिर में मां कालिका देवी की आकर्षक प्रतिमा के साथ केवड़ा स्वामी की मूर्ति विराजमान है। कहते हैं कि यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। यहां दूरदराज से कई श्रद्धालु आते हैं। वहीं निःसंतान दंपति यहां पर संतान प्राप्ति की कामना लेकर आते हैं। वृहन्नला प्रेमबाई द्वारा महिला की गोद भराई की रस्म की जाती है।

बालाजी की प्रतिमा से पुष्प गिरा तो मनोकामना पूर्ण

आमला मार्ग पर नगर से 2 किमी दूर ग्राम गुदरावन में बावड़ी वाले हनुमान जी का मंदिर स्थित है। नवरात्रि पर्व के दौरान यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। यहां की मान्यता है कि हनुमान जी के समक्ष कोई मनोकामना करता है और उसी दौरान प्रतिमा से पुष्प गिर जाता है तो उस भक्त की मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। तहसील के ग्राम गुदरावन में स्थित बावड़ी वाले हनुमान मंदिर पर वैसे तो भक्तों की भीड़ लगी रहती है लेकिन नवरात्रि में भक्तों का तांता लग रहा है। यहाँ के चमत्कार के कई किस्से ग्राम के बुजुर्गों की जुबान पर है। यहाँ की एक मान्यता है कि यहां पर आने वाले भक्त जब हनुमान जी के समक्ष कोई मनोकामना की इच्छा प्रकट करते है और हनुमान प्रतिमा से पुष्प नीचे गिर जाता है तो यह माना जाता है कि भक्त की मनोकामना अवश्य ही पूर्ण होगी। नवरात्रि के दौरान यहाँ धार्मिक आयोजन होते रहते है।

मां चौसठ योगिनी का चमत्कारी स्थल

नगर से करीब 9 किलोमीटर दूर आमला मार्ग पर स्थित ग्राम सुईगांव के समीप जंगल में मां चौसठ योगिनी देवी का सैकड़ों वर्ष प्राचीन स्थान है। इस स्थान को चमत्कारी माना जाता है। मंदिर के अग्रभाग में पीपल का प्राचीन वृक्ष भी स्थित है जिस पर चोटी है इसके आसपास एक चबूतरा बना हुआ है। कहा जाता है कि इस वृक्ष की तीन परिक्रमा लगाने से मनोवांछित इच्छा पूर्ण होती है। इस मंदिर पर आए दिन कई चमत्कार देखने को मिलते हैं। नवरात्रि के दौरान उक्त मंदिर पर आसपास के ग्रामों के साथ नलखेड़ा के भक्तों का दर्शनार्थ तांता लगा रहता है।

खबर संक्षेप

देवास मंडी में 18 से 22 अक्टूबर तक नीलामी कार्य रहेगा बंद

देवास। देवास मंडी में 18 से 22 अक्टूबर तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। सचिव कृषि उपज मंडी समिति देवास अरविंद परिहार ने बताया कि आगामी दशहरा पर्व, विसर्जन चल समारोह और शासकीय अवकाशों के चलते देवास मुख्य मंडी प्रांगण में 18 से 22 अक्टूबर तथा बरोठा उपमंडी में 18 से 20 अक्टूबर तक नीलामी (घोष विक्रय) कार्य बंद रहेगा। यह निर्णय अनाज व्यापारी संघ देवास की मांग और आगामी त्योहारों को देखते हुए लिया गया है।

आज कुसमानिया में आयोजित होगा शिविर

देवास। प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए "मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान" के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तर पर प्रति शुक्रवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत 16 अक्टूबर को कन्नौद विकासखंड के ग्राम कुसमानिया में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे। मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान स्थानीय उद्यमियों, निवेशकों एवं स्टार्टअप प्रतिनिधियों, लखपति दीदीयों के साथ 'उद्योग संवाद' कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, स्थानीय उद्योगों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझना तथा उनके त्वरित समाधान के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना है।

मीना बाजार में 26 को आयोजित होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

देवास। नगर निगम द्वारा आयोजित 90 वीं दशहरा कृषिकला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी मीना बाजार में इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 26 अक्टूबर सोमवार को होना है। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन स्थानीय पुलिस ग्राउंड मीना बाजार मंच पर आयोजित होगा, जिसमें देश के ख्यातनाम कवि अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। अग्रवाल ने बताया कि कवि सम्मेलन में डॉ. अनामिका जैन अंबर, मेरठ उ.प्र.,सुदीप भोला, नई दिल्ली, महेंद्र मधुर आष्टा म.प्र., चेतन चर्चित कवि मुंबई, देवकृष्ण व्यास देवास, नंद किशोर अकेला आलोट अपनी प्रस्तुति देंगे।

दत्तोपंत ठेंगड़ी की मनाई पुण्यतिथि

देवास। मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ द्वारा 14 अक्टूबर को राष्ट्र संत दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय, प्रेस क्लब पूर्व अध्यक्ष अतुल बागलीकर, भामसं जिलामंत्री महेंद्र सिंह परिहार उपस्थित थे। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महासंघ के प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय ने ठेंगड़ी के जीवन पर प्रकाश डाला।

सोनकच्छ क्षेत्र के 27 तालाबों और बैराजों में पहुंचेगा नर्मदा का पानी

विधायक के प्रयासों से एनवीडीए ने दी स्वीकृति 4,730 हेक्टेयर कृषि भूमि को मिलेगा लाभ

10 हजार से अधिक लोगों को राहत मिलने की उम्मीद, क्षेत्र के भू-जल स्तर बढ़ाने में मिलेगी मदद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और भू-जल स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। विधायक डॉ. राजेश सोनकर के प्रयासों से नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) ने आईएसपी-कालीसिंध माइक्रो लिफ्ट सिंचाई योजना (फेज-1) के कमांड क्षेत्र में आने वाले 27 लघु जलाशयों, बैराजों और स्टॉप डैमों में नर्मदा का पानी भरने का निर्णय लिया है। इस पहल से क्षेत्र के किसानों को रबी फसलों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भू-जल स्तर बढ़ने और पेयजल की उपलब्धता बेहतर होने की भी उम्मीद है। योजना से करीब 4,730 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ मिलने तथा 10 हजार से अधिक लोगों के लाभान्वित होने की संभावना है। रबी सीजन में किसानों को फसलों की बोवनी, पलेवा और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण चुनौती रहती है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए किसान कुओं, नलकूपों और अन्य जल स्त्रोतों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बढ़ने से किसानों को राहत मिल सकती है। इसी उद्देश्य से विधायक डॉ. सोनकर ने शासन और एनवीडीए के अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय कर क्षेत्र की जल संरचनाओं को नर्मदा-कालीसिंध लिंक नेटवर्क से जोड़ने तथा उनमें पानी भरने की स्वीकृति दिलाने के प्रयास किए।

27 जल संरचनाओं में भरा जाएगा पानी

एनवीडीए नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-32, बड़वाह से प्राप्त तकनीकी विवरण के अनुसार, योजना के अंतर्गत चयनित 27 जल संरचनाओं की कुल सकल जल भराव क्षमता 27.010 एमसीयूएम तथा उपयोगी जल भराव क्षमता 26.070 एमसीयूएम है। इन जल संरचनाओं में पानी पहुंचने से क्षेत्र में उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। योजना के कमांड क्षेत्र में सोनकच्छ, टोंकखुर्द, बागली, हाटपीपल्या और देवास तहसील के क्षेत्र शामिल हैं। जलाशयों, बैराजों और स्टॉप डैमों में नर्मदा का पानी पहुंचने से नहरों और उद्वहन यानी लिफ्ट सिंचाई प्रणाली के माध्यम से कृषि भूमि तक पानी पहुंचाने में सहायता मिलेगी। इससे किसानों को रबी फसलों की सिंचाई के लिए वैकल्पिक जल स्त्रोत उपलब्ध हो सकेंगे। समय पर पलेवा और सिंचाई की सुविधा मिलने से खेती के कामकाज को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिल सकती है।

भू-जल स्तर बढ़ाने में मिलेगी मदद

इस पहल का लाभ केवल कृषि भूमि की सिंचाई तक सीमित नहीं रहेगा। जल संरचनाओं में पानी उपलब्ध होने से आसपास के क्षेत्रों में भू-जल पुनर्भरण की संभावना भी बढ़ेगी। इससे कुओं, बावड़ियों और नलकूपों के जल स्तर में सुधार हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भू-जल स्त्रोतों पर निर्भर परिवारों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। जल संरक्षण के लिहाज से भी यह पहल महत्वपूर्ण है। जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बढ़ने से वर्षा के बाद जल संग्रहण की क्षमता का उपयोग करने और क्षेत्र में पानी की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, वास्तविक लाभ जल भराव, पानी के वितरण और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा।

किसानों, ग्रामीणों को लाभ मिलने की उम्मीद

विधायक डॉ. राजेश सोनकर के प्रयासों से स्वीकृत इस पहल को सोनकच्छ क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। करीब 4,730 हेक्टेयर कृषि भूमि तक सिंचाई का लाभ पहुंचने और 10 हजार से अधिक लोगों को फायदा मिलने की संभावना है। योजना के क्रियान्वयन से किसानों को रबी सीजन में पानी की उपलब्धता बेहतर होने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भू-जल संवर्धन और पेयजल व्यवस्था को भी सहारा मिल सकता है।

मवेशियों की चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

पिकअप वाहन सहित तीन बछड़े बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

कमलापुर पुलिस ने खेतों से मवेशियों की चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर को ग्राम करौंदिया निवासी गणपत पिता किशनलाल जाट ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात करीब 11 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति उसके खेत से एक बछड़ा चुराकर ले गया।

शिकायत पर कमलापुर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फरियादी के साथ मिलकर जांच की। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन संदिग्धों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। इनमें कुंवरसिंह पिता भीमसिंह जामरे (32), निवासी ग्राम पलसूद, जिला बड़वानी; विजय पिता राजाराम नावड़े (21), निवासी ग्राम पानीगांव मोहाड़ा, थाना कांटाफोड़, जिला देवास; और रामसिंह पिता हरिसिंह वास्केल (50), निवासी ग्राम इमलीपुरा, थाना कमलापुर शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने अपने स्थानीय साथियों की मदद से आवारा मवेशियों और बछड़ों को चुराकर पिकअप वाहन से बड़वानी ले जाने तथा वहां हाट-बाजार में बेचने की बात बताई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन बछड़े और एमपी-41-जेडजी-7728 नंबर का पिकअप वाहन जब्त किया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय बागली में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, आरक्षक विवेक गांगे, अरुण वर्मा, दिलीप सोलंकी तथा सैनिक रविंद्र मालवीय और विष्णु सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

माताजी टेकरी मार्ग पर निगम-पुलिस की कार्रवाई, अस्थाई अतिक्रमण हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शारदीय नवरात्रि पर्व पर माताजी टेकरी पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन ने मुख्य मार्गों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। निगमायुक्त दिलीप कुमार के निर्देश पर उज्जैन रोड तिराहे से भोपाल रोड तक सड़क के दोनों ओर लगाए गए अस्थाई ठेले, दुकानें और गुमटियां हटाई गईं। इस दौरान सड़क पर रखे बोर्ड और अन्य सामग्री भी जब्त की गई।कार्रवाई में एएसपी हरि नारायण बॉथम, यातायात टीआई पवन बागरी, नगर निगम रिमूवल टीम प्रभारी प्रतीक शर्मा सहित निगम कर्मचारी और पुलिस बल शामिल रहे। टीम ने मार्ग के दोनों ओर किए गए अस्थाई अतिक्रमण हटाकर आवागमन सुचारु बनाने का प्रयास किया।नवरात्रि के दौरान दिन और रात बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल माताजी टेकरी पहुंचकर दर्शन करते हैं। ऐसे में मुख्य मार्गों और चौराहों पर ठेले, गुमटियां तथा अस्थाई दुकानें लगने से यातायात बाधित होता है। कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इसी को देखते हुए निगम और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से पहले कालूखेड़ी तालाब की सफाई शुरू

देवास। शारदीय नवरात्रि के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन को देखते हुए नगर निगम द्वारा कालूखेड़ी तालाब की व्यापक स्तर पर सफाई कराई जा रही है। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने निगम के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तालाब की सफाई निगम के संसाधनों और सफाई मित्रों के सहयोग से कराई जाए, ताकि प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।महापौर ने बताया कि गणेशोत्सव के बाद भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन कालूखेड़ी तालाब पर किया गया था। विसर्जन के पश्चात तालाब में पूजन सामग्री और अन्य अनुपयोगी वस्तुएं एकत्रित हो गई थीं, जिससे वहां कचरा जमा हो गया था। अब शारदीय नवरात्रि के समापन पर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी इसी तालाब में किया जाना है। इसे ध्यान में रखते हुए तालाब की सफाई का कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है।

नवरात्रि पर्व पर 1100 कन्याओं का पूजन, विधायक ने परोसा भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भाजपा जिला कार्यालय सह मंत्री पुष्पलता सोनगरा के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि पर मां तुलजा भवानी एवं मां चामुंडा मैया की कृपा से कन्या पूजन एवं 1100 से अधिक कन्याओं के भोज का आयोजन किया गया। आयोजक पुष्पलता सोनगरा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी यह आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। शहरभर से आई 1100 से अधिक कन्याओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देवास विधायक गायत्री राजे पवार रहीं। उन्होंने कन्याओं का पूजन कर चुनरी ओढ़ाई और स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसा। अतिथि स्वागत कुलदीप सिंह सोनगरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. रायसिंह सेंधव, सभापति रवि जैन, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, राजीव खंडेलवाल, राजेश यादव, ओम जोशी, सुमेर सिंह दरबार, गौ रक्षक जीतू रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, मधु शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी, संकेत राय सहित अतिथिगण उपस्थित थे।

कालिका माता मंदिर में कालीचरण महाराज ने की महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर बालगढ़ स्थित कालिका माता मंदिर में माँ काली के भक्त कालीचरण महाराज ने विधि-विधान से माता की अद्भुत महाआरती की। मंदिर व्यवस्थापक हरिनारायण अकोदिया ने बताया कि महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने मां काली की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। बालगढ़ पार्षद दीपक अकोदिया ने बताया कि महाआरती में पंडित उमेश, अर्जुन चौधरी एल्डरमैन, दुर्गेश चिल्लोरिया मंडल महामंत्री, रितेश द्विवेदी, हरिनारायण अकोदिया, बहादुर सिंह गुर्जर, अमित सोनगरा, जितेंद्र गर्ग, किशोर अकोदिया, श्याम चौहान और किशोर जाटवा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। आभार लखन अकोदिया ने माना।

डायल-112 की तत्परता से टला बड़ा हादसा



देवास। थाना औद्योगिक क्षेत्र में एक दुकान में गैस सिलेंडर के पाइप में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से एक सिलेंडर फट गया, जबकि दूसरा सिलेंडर गर्म होने लगा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल-112 टीम ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और गर्म हो रहे दूसरे सिलेंडर को सावधानीपूर्वक दुकान से बाहर निकाला।जानकारी के अनुसार, डायल-112 कंट्रोल रूम को दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। प्रधान आरक्षक शुभम महेश्वरी ने तत्काल एफआरवी-09 को घटनास्थल के लिए रवाना किया। मौके पर पहुंचे प्रधान आरक्षक किशोर जाटव और पायलट देवेंद्र भारती ने स्थिति का जायजा लिया। दुकान में धुआं भर गया था और आग के फैलने का खतरा बना हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम ने सबसे पहले आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद लकड़ी की मदद से सावधानीपूर्वक गर्म हो रहे दूसरे गैस सिलेंडर को दुकान से बाहर निकाला। डायल-112 टीम की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से संभावित बड़ा हादसा टल गया।

टीएसीसी लिमिटेड के सहयोग से विद्यालयों में सुविधाओं का विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में टीएसीसी लिमिटेड के सहयोग से विद्यार्थियों की सुविधाओं के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इसके तहत कन्या विद्यालय में वर्षा जल संचयन प्रणाली का निर्माण कराया गया, वहीं बालक माध्यमिक विद्यालय के शौचालय का जीर्णोद्धार किया गया। विद्यालय परिवार ने टीएसीसी लिमिटेड के इस सहयोग को सामाजिक एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व (सीईआर) तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य नीता शर्मा और शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र यादव सहित शिक्षकगण ने टीएसीसी लिमिटेड के अधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया। कार्यक्रम में टीएसीसी लिमिटेड के सस्टेनेबिलिटी एवं ईएसजी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संजय गैरोला, डॉ. सतीश सैनी, जयवर्धन सिंह राठौड़, अमन चाहर और कुंदन कुमार सहित शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

योजनाबद्ध जल वितरण और विद्युत आपूर्ति के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रबी सीजन 2026-27 में फसलों की सुचारू सिंचाई, नहरों में जल प्रवाह के निर्धारण एवं पेयजल आरक्षण को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऋतु राज सिंह की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में खातेगांव विधायक आशीष शर्मा एवं हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने संभाग अंतर्गत स्थित समस्त मध्यम एवं लघु जलाशयों में वर्तमान जल भराव की स्थिति और रबी सिंचाई के लक्ष्यों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस वर्ष जिले की औसत सामान्य वर्षा 1067.08 मिमी की तुलना में 7 अक्टूबर 2026 तक 788.11 मिमी वर्षा ही दर्ज हुई है। विशेष रूप से देवास, टोंकखुर्द एवं सोनकच्छ तहसीलों में अल्प वर्षा के कारण कई तालाब पूर्ण रूप से नहीं भर सके हैं। उपलब्ध जल की स्थिति की समीक्षा करते हुए समिति द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए कुल 27,352 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई लक्ष्य का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। इसके अंतर्गत 2 मध्यम परियोजनाओं (चन्द्रकेशर एवं दतुनी बांध) से 16,000 हेक्टेयर, 40 लघु तालाबों से 4,346 हेक्टेयर, 49 बैराजों से 6,563 हेक्टेयर, 3 पिकअप वियर से 238 हेक्टेयर तथा 5 उद्वहन सिंचाई योजनाओं से 205 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुनिश्चित की जाएगी। गंजपुरा उद्वहन सिंचाई योजना सहित अन्य आवश्यक जल स्त्रोतों में पेयजल हेतु जल सुरक्षित रखने पर भी सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि दतुनी परियोजना से संबंधित आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा, जिससे किसानों को सिंचाई का अधिकतम लाभ सुनिश्चित कराया जा सके। कलेक्टर सिंह ने जल संसाधन विभाग और अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द सभी सिंचाई परियोजनाओं की पाइपलाइन की मैपिंग करके प्रस्तुत किया जाए, जिससे शासन स्तर पर स्वीकृति के लिए प्रस्ताव प्रेषित किए जा सकें और क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित किया जा सकें।

कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने निर्देशित किया कि उपलब्ध जल की स्थिति को देखते हुए पलेवा एवं आगामी पानी का वितरण अत्यंत विवेकपूर्ण, पारदर्शी और योजनाबद्ध तरीके से किया जाए, जिससे अंतिम छोर के किसानों को भी पर्याप्त पानी मिल सके। उन्होंने जल उपभोक्ता संथाओं के पदाधिकारियों से सतत समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को रबी सीजन में किसानों को सिंचाई हेतु रोस्टर के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्राचार्य को पदमुक्त करने पर विद्यार्थियों ने जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

माँ जिनवाणी कॉलेज ऑफ लीगल स्टडीज के विद्यार्थियों ने गुरुवार को पुष्पगिरि तीर्थ पहुंचकर तीर्थ के प्रणेता गणाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज से सौजन्य भेंट की। कॉलेज में शैक्षणिक एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर विद्यार्थियों द्वारा किए गए आंदोलन के बाद प्राचार्य को पदमुक्त किए जाने पर विद्यार्थियों ने गुरुवर का गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गणाचार्य से आशीर्वाद लिया। विद्यार्थियों ने समस्याओं के समाधान की दिशा में मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए गुरुवर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर पुष्पगिरि कॉलेज के ट्रस्टी प्रकाश अजमेरा भी उपस्थित थे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि हमारे पक्षकार ने श्री ज्ञानेशकुमार पाटीदार पिता श्री शिवनारायण पाटीदार जाति कुल्मी निवासी तिलक नगर इंदौर तह. व जिला इंदौर म.प्र. की ग्राम पिपलपाटी प.ह.न. 00016 तह. उदयनगर जिला देवास म.प्र. में स्थित भूमि जिसका सर्वे नं. 41/2 (S) रकबा 1.9100 हेक्टर कुल सर्वे नं. 01, व कुल रकबा 1.9100 हेक्टर, कुल भू-आगम 0.00 रुपए की भूमि को क्रय करने की सौदा चिट्ठी कर बयाने की आंशिक धनराशी अदा कर दी है, यदि सदर सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था बैंक निकाय आदि का किसी भी प्रकार का भार अथवा बोझ (जैसे कर्ज, जमानत, मेन्टेनेंस, अटेचमेन्ट, डिक्री, लगान आदि) हो तो वे इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अन्दर अपनी मय आपत्ति लेखी प्रमाण सहित रजिस्टर्ड एडी द्वारा निचे लिखे पते पर भेजे अन्यथा अवधी गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार सदर सम्पत्ति बाबद आवश्यक दस्तावेजो का निश्पादन व पंजीयन अपने हित में उक्त विक्रेता से करवा लेवेंगें तत्पश्चात किसी की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
इति दिनांक 14/10/2026

भवदीय **कैलाश सेंधव** एडव्होकेट
निवासी - हाटपिपल्या तह. हाटपिपल्या जिला देवास म.प्र. मों. 9630597973, 9302915844

एमएलसी चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, प्रशिक्षण दिया

मतदान कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वरों को निष्पक्षता से चुनाव कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में विकास भवन सभागार में मतदान कार्मिकों और माइक्रो आब्जर्वरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों, मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक/प्रशिक्षण तथा जिला विकास अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक/प्रशिक्षण की देखरेख में संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान कार्मिकों और माइक्रो आब्जर्वरों को उनके दायित्वों के बारे में जानकारी देते हुए चुनाव प्रक्रिया को नियमानुसार संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान वैकल्पिक पहचान पत्रों के सत्यापन, मतपेटी एवं मतपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने, चैलेंज वोट और टेंडर वोट की प्रक्रिया, मॉक पोल तथा विभिन्न निर्वाचन प्रपत्रों के सही ढंग से संधारण के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही माइक्रो आब्जर्वरों की भूमिका और मतदान के दिन उनकी जिम्मेदारियों को भी स्पष्ट किया गया।

मास्टर ट्रेनर्स ने कार्मिकों को निर्वाचन संबंधी तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देते हुए निर्देश दिया कि मतदान के दौरान प्रत्येक प्रक्रिया का पालन निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों के अनुरूप किया जाए। किसी भी स्थिति में मतपत्रों की गोपनीयता और निर्वाचन की निष्पक्षता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन प्रबुद्ध मतदाताओं से जुड़ा चुनाव है। इसलिए इसकी प्रत्येक प्रक्रिया को गंभीरता, जिम्मेदारी और निर्धारित नियमों के अनुसार संपन्न कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी मतदान कार्मिकों और माइक्रो आब्जर्वरों से निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके। प्रशिक्षण के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मतदान कार्मिकों और माइक्रो आब्जर्वरों की निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित शंकाओं का समाधान किया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने मौके पर ही उनकी तकनीकी समस्याओं को स्पष्ट करते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। जिला प्रशासन का उद्देश्य सभी संबंधित कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू से भली-भांति परिचित कराना है, जिससे मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा या त्रुटि की स्थिति उत्पन्न न हो और निर्वाचन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा सके।

सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सभी बूथों पर बैठेंगे बीएलओ

सूची में नाम जुड़वाने का अभियान 17-24 को, युवा व छूटे हुए मतदाता को मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए नागरिकों तथा पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 17 और 24 अक्टूबर 2026 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शिविरों में बूथ लेवल अधिकारी सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम जोडऩे, नाम हटाने, विवरण में संशोधन और पता परिवर्तन से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे। अभियान की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में विशेष अभियान के सफल संचालन और अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 17 अक्टूबर (शनिवार) और 24 अक्टूबर (शनिवार) को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। इस दौरान नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार निर्धारित फॉर्म भरकर मतदाता सूची से संबंधित कार्य करा सकेंगे।

फॉर्म-6 मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने और पहली बार मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए। फॉर्म-7 मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए निर्धारित आवेदन। फॉर्म-8 नाम, पता, जन्मतिथि सहित अन्य प्रविष्टियों में संशोधन तथा एक ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के भीतर निवास स्थान बदलने पर विवरण अपडेट कराने के लिए। नागरिक इन फॉर्मों के माध्यम से संबंधित मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ के पास आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन आवेदन के लिए मोबाइल एप का भी उपयोग किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार ने बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के माध्यम से पात्र युवाओं और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे नागरिकों को चिह्नित कर उनका पंजीकरण सुनिश्चित कराने में सहयोग करें। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने के कारण मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। प्रशासन ने जनपद के सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे विशेष अभियान दिवसों का लाभ उठाएं। जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे नया पंजीकरण कराएं। वहीं, जिनके नाम, पते या अन्य विवरणों में त्रुटि है, वे निर्धारित फॉर्म भरकर उन्हें ठीक करा सकते हैं। बैठक में आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद, भाजपा से देवेंद्र गुरु, इंडियन नेशनल कांग्रेस से जसपाल सिंह, समाजवादी पार्टी से अरशद अंसारी, अपना दल से सोहनलाल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

फसल क्षति मुआवजा, फार्मर रजिस्ट्री होने पर खतौनी की प्रमाणित प्रति जरूरी नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



दैवीय आपदा के कारण फसल क्षति का सामना कर रहे किसानों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पहले से हो चुकी है, उन्हें मुआवजा प्राप्त करने के लिए अब अलग से खतौनी की प्रमाणित प्रति जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रशासन के इस निर्णय से प्रभावित किसानों को अनावश्यक कागजी औपचारिकताओं और तहसीलों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। फसल क्षति से प्रभावित किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सरल बनाई गई है। फार्मर रजिस्ट्री करा चुके किसान अपने आवश्यक दस्तावेज संबंधित तहसील में जमा कर सकते हैं, जिससे राहत राशि का भुगतान जल्द से जल्द किया जा सके। मुआवजे की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पारदर्शी तरीके से भेजने के लिए प्रभावित किसानों को संबंधित तहसील में दस्तावेज जमा करने होंगे, जिनमें फार्मर रजिस्ट्री की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, सक्रिय मोबाइल नंबर, भुगतान एवं सत्यापन के लिए आवश्यक अन्य संबंधित दस्तावेज, फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को खतौनी की प्रमाणित प्रति अलग से नहीं देनी होगी।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया कि फसल क्षति से प्रभावित किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक अभिलेख जुटाए जा रहे हैं। किसानों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य जरूरी दस्तावेजों का प्रशासनिक स्तर पर सत्यापन कर भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया को सरल बनाने का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र किसानों तक बिना अनावश्यक देरी के सहायता राशि पहुंचाना है। दैवीय आपदा के कारण फसल खराब होने से किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने अपील की है कि जिनकी फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है, वे आवश्यक दस्तावेज अपनी संबंधित तहसील में जमा कराएं, ताकि सत्यापन के बाद मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

खटोरा के 40 मजदूर परिवारों का 13.42 लाख भत्ता लंबित होने का दावा

रोजगार व बेरोजगारी भत्ते की मांग को लेकर 7 दिन में समाधान नहीं तो अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मनरेगा के तहत रोजगार नहीं मिलने, जॉब कार्ड जारी करने में लापरवाही और बेरोजगारी भत्ते का भुगतान लंबित रहने जैसी समस्याओं को लेकर बृहस्पतिवार को स्वाभिमानी मजदूर संगठन के बैनर तले मजदूरों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सामूहिक ज्ञापन सौंपा।

मजदूरों ने आरोप लगाया कि मांगपत्र देने के बावजूद उन्हें काम उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। वहीं, बेरोजगारी भत्ते का भुगतान भी नियमानुसार नहीं किया जा रहा है। संगठन ने प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम देते हुए समस्याओं का समाधान नहीं होने पर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में अनिश्चित कालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन में महरौनी विकासखंड की ग्राम पंचायत खटोरा की स्थिति को प्रमुखता से उठाया गया है। संगठन के अनुसार, ग्राम पंचायत में पिछले करीब नौ महीनों से मजदूरों को मनरेगा के तहत काम नहीं मिला है। इससे मजदूर परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और उन्हें आजीविका के लिए पलायन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। ज्ञापन में दावा किया गया है कि खटोरा ग्राम पंचायत के 40 मजदूर परिवारों का 25 दिसंबर 2025 से 30 सितंबर 2026 तक की अवधि का कुल 13 लाख 42 हजार 800 रुपये बेरोजगारी भत्ता लंबित है। मजदूरों ने संबंधित अभिलेखों की जांच कराकर पात्र परिवारों को नियमानुसार भत्ते का भुगतान कराने की मांग की है। स्वाभिमानी मजदूर संगठन ने आरोप लगाया कि मजदूरों की ओर से रोजगार की मांग किए जाने के बावजूद ब्लॉक स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। कई मजदूरों को जॉब कार्ड, रोजगार और बेरोजगारी भत्ते से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। संगठन ने कार्यस्थलों पर मस्टररोल उपलब्ध नहीं होने की समस्या भी उठाई।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि मजदूरों की ओर से पहले दिए गए आवेदनों पर उनकी जानकारी या सहमति के बिना हस्ताक्षर अथवा अंगूठे के निशान लगाए जाने और गलत रिपोर्ट लगाए जाने की शिकायतें हैं। मजदूरों ने इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में मजदूरों ने मांग की कि मनरेगा के तहत पात्र परिवारों को नियमानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाए, लंबित बेरोजगारी भत्ते का भुगतान कराया जाए और जॉब कार्ड एवं मस्टररोल से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। साथ ही, आवेदनों में कथित अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर समस्याओं का उचित समाधान नहीं हुआ, तो पीड़ित मजदूर परिवारों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इस दौरान अंगूरी देवी, विनीता देवी, रचना, सोना, लक्ष्मी, रामबली, सपना, राजबाई, बबली, रामदेवी, मीरा, जानकीबाई, ममता और जशोदा देवी सहित बड़ी संख्या में महिला मजदूर एवं संगठन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

नवरात्रि पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

दुकानों व मॉलस से घी, सिंघाड़ा आटा व दूध के नमूने लिए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नवरात्र पर्व के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने ललितपुर और तालबेहट में खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में घी, सिंघाड़े के आटे और दूध के कुल पांच नमूने जांच के लिए लिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 14 अक्टूबर 2026 को नगर पालिका क्षेत्र स्थित विशाल मेगा मार्ट से नमस्ते इंडिया, प्योर बस्ट और मिल्क फूड ब्रांड के घी के एक-एक नमूने संग्रहित किए। इसके बाद 15 अक्टूबर 2026 को तालबेहट स्थित पीताम्बरा ट्रेडर्स से गंगवाल ब्रांड के सिंघाड़े के आटे तथा अमूल मोती दूध का एक-एक नमूना लिया गया। विभाग द्वारा संग्रहित सभी नमूनों को गुणवत्ता की जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य त्योहार के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका पर प्रभावी नियंत्रण रखना है। इस अभियान में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस निरंजन तथा नागेंद्र कुमार शामिल रहे।

पुलिस पार्टी पर हमले के मामले में रोहित गिरफ्तार, तमंचा और दो कारतूस बरामद

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र में पुलिस पार्टी पर कथित जानलेवा हमला करने और अवैध असलहा रखने के मामले में पुलिस ने रोहित यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी ग्राम दौलता निवासी आजाद यादव का पुत्र तथा पुलिस पर हमले के मामले में नामजद सुरेंद्र उर्फ सुमेंद्र उर्फ कालू का भाई है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आम्र्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई की है। 11 अक्टूबर 2026 की रात थाना तालबेहट पुलिस ग्राम दौलता निवासी सुरेंद्र उर्फ सुमेंद्र उर्फ कालू को पकडऩे उसके घर पहुंची थी। इस दौरान आरोप है कि सुरेंद्र, उसके भाई रोहित यादव और अन्य लोगों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हालात को देखते हुए पुलिसकर्मियों को वहां से लौटना पड़ा। इस मामले में ग्राम दौलता निवासी प्रीतम यादव पुत्र स्व.माधव यादव की तहरीर पर थाना तालबेहट में अभियोग पंजीकृत किया गया। 12 अक्टूबर की सुबह करीब 6.20 बजे प्रीतम यादव अपनी बहू को दवा दिलाने के लिए वृंदावन वैद्य के यहां गए थे। आरोप है कि इसी दौरान सुरेंद्र उर्फ कालू लाठी लेकर वहां पहुंचा और प्रीतम यादव को गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि उन्होंने ही पुलिस को उसके घर भेजा था। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। मौके पर मौजूद सौरभ ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी वहां से चला गया।

घटना के बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। 14 अक्टूबर की रात उपनिरीक्षक विकास कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और आरोपियों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पुलिस पार्टी पर हमले के मामले में वांछित रोहित यादव नौर की पुलिया के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रोहित यादव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से 315 बोर का एक देशी तमंचा तथा दाहिनी जेब से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने कार्रवाई की है। रोहित यादव के विरुद्ध पूर्व में आपराधिक मुकदमे दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

नवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस की सतर्कता

एसपी ने पैदल सुरक्षा का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजनमानस में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को पर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि पर्व के दौरान पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। क्षेत्र में निरंतर गश्त की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा सके। एसपी ने शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को सजग रहने तथा परिस्थितियों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और लोग भयमुक्त वातावरण में धार्मिक आयोजनों में शामिल हो सकें, इसके लिए पुलिस की सक्रियता बनाए रखने पर जोर दिया गया। पैदल गश्त में एएसपी कालू सिंह, सीओ सदर अजय कुमार, कोतवाली प्रभारी अनुराग अवस्थी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि देकर वक्ताओं ने विज्ञान व राष्ट्र निर्माण में योगदान याद किया

पसमांदा समाज ने मनाई डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पसमांदा मुस्लिम समाज के जिला कार्यालय पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डा.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन रहमत मंजिल के पीछे, रावतयाना, गोविंद नगर स्थित पसमांदा मुस्लिम समाज के जिला कार्यालय पर किया गया। समारोह में वक्ताओं ने डा.कलाम के जीवन, उनके संघर्ष, सादगी और राष्ट्र के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा.एपीजे अब्दुल कलाम ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देकर भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई। देश के मिसाइल कार्यक्रम और वैज्ञानिक विकास में उनकी भूमिका सदैव याद की जाती रहेगी। वक्ताओं ने कहा कि डा.कलाम का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपने विचारों, कर्मठता और दृढ़ संकल्प से यह संदेश दिया कि मेहनत, लगन और शिक्षा के माध्यम से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनका मानना था कि देश की प्रगति में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्हें बड़े सपने देखकर उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने डा.कलाम के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में शिक्षा, आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए दुआ की गई। पसमांदा मुस्लिम समाज जिलाध्यक्ष मु. करीम पप्पू राईन सहित संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

युवक को पकड़ा

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित गिरफ्तार

ललितपुर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ककरेगा गांव निवासी राघवेन्द्र पुत्र बाबू कुशवाहा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज है और गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में तथा एएसपी कालू सिंह और सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 14 अक्टूबर 2026 को वांछित आरोपी राघवेन्द्र कुशवाहा को गिरफ्तार किया। इस मामले में थाना बार पर मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना बार प्रभारी थानाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय मय पुलिस टीम शामिल रही।

कट मारकर निकलने की कोशिश नाकाम, ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था

नशे में तेज रफ्तार बाइक लहराते गिरफ्तार

ललितपुर। शहर के व्यस्त ईलाइट चौराहे पर शराब के नशे में तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से मोटर साइकिल चलाना एक युवक को महंगा पड़ गया। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस ने बाइक पर सवार तीन युवकों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि चालक ने पुलिस का इशारा देखकर रुकने के बजाय बाइक की रफ्तार बढ़ा दी और पुलिसकर्मियों को कट मारकर निकलने की कोशिश की।

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बाइक को रोक लिया। जांच में चालक के शराब के नशे में होने और ड्राइविंग लाइसेंस सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मोटर साइकिल को भी सीज कर दिया। बीती 13 अक्टूबर की रात करीब 9.15 बजे मंडी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ललित उज्ज्वल अपनी टीम के साथ ईलाइट चौराहे पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, बाइक चालक वाहन को खतरनाक ढंग से लहराते हुए चला रहा था। पुलिसकर्मियों ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने बाइक रोकने के बजाय उसकी रफ्तार और बढ़ा दी तथा पुलिसकर्मियों को कट मारकर निकलने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए चौराहे के दूसरी ओर घेराबंदी की। इस दौरान कांस्टेबल राहुल यादव ने बाइक का पिछला ग्रैब हैंडल पकड़कर उसे रोक लिया। बाइक पर पीछे बैठे मोहल्ला पिसनारी निवासी आकाश कुशवाहा और अभिषेक कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि उन्होंने विजय को शराब पीकर वाहन चलाने से मना किया था, लेकिन उसने उनकी बात नहीं मानी। जांच के दौरान विजय कुशवाहा ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी विजय कुशवाहा के विरुद्ध कार्रवाई की।

अदालत के बाहर युवक से मारपीट

मुकदमों में राजीनामे का दबाव बनाया

ललितपुर। जिला न्यायालय परिसर के बाहर तारीख करके अपनी बहन के साथ लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुराने मुकदमों में राजीनामा करने का दबाव बनाते हुए पांच लोगों ने युवक का रास्ता रोक लिया और उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। आरोपियों ने जमानत में हुए खर्च की भरपाई करने की मांग भी की। विरोध करने पर पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तालाबपुरा निवासी अभिषेक पटेल पुत्र स्व. दशरथ प्रसाद पटेल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 3.20 बजे वह अपनी बहन के साथ न्यायालय में तारीख करने के बाद बाहर निकल रहा था। इसी दौरान मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत ग्राम पिपरई निवासी दीपक कुर्मी, हेमंत, हनुमत, पुरुषोत्तम और जहीर मोहम्मद दो मोटर साइकिलों से वहां पहुंचे। आरोप है कि पांचों ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की शुरू कर दी। आरोपियों ने कहा कि उनकी जमानत हो चुकी है, लेकिन जमानत कराने में काफी खर्च हुआ है, जिसकी भरपाई अब अभिषेक को करनी होगी।



प्राकृतिक खाद्य उत्पादों के माध्यम से स्वास्थ्य, गुणवत्ता और विश्वास को बढ़ावा देने की पहल

महिला सशक्तीकरण, स्थानीय रोजगार व किसानों के सहयोग की दिशा में बढ़ते कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने, गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पादों को आमजन तक पहुँचाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में राजगढ़ जिले के ब्यावरा से संचालित 'अनाजू' एक सकारात्मक पहल के रूप में आगे बढ़ रहा है। 'फ्रेश फोर्म फिल्डस टू फैमली' अर्थात खेतों से परिवार तक ताजगी और विश्वास पहुँचाने के ध्येय के साथ यह उद्यम प्राकृतिक खाद्य उत्पादों, गुणवत्ता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए अपनी पहचान स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है।

देशभर तक पहचान बनाने की ओर अग्रसर ब्यावरा की 'अनाजू'



'दो उद्यमियों की पहल से शुरू हुआ सफर'

अनाजू प्रोडक्ट्स एलएलपी की स्थापना शौर्य गुप्ता और कोपल गुप्ता ने 14 जनवरी, 2026 को की। इसके बाद मार्च 2026 से ब्यावरा, जिला राजगढ़ में नियमित रूप से कार्य संचालन प्रारंभ किया गया। उद्यम का उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा प्राकृतिक खाद्य उत्पादों के माध्यम से उनके दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कंपनी किसानों और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य उत्पाद प्राप्त करती है। ग्राहकों तक उत्पाद पहुँचाने से पहले गुणवत्ता की कई स्तरों पर जाँच की जाती है। कंपनी का मूल सिद्धांत है कि जो उत्पाद स्वयं के परिवार के लिए उपयुक्त न हो, उसे दूसरे परिवारों तक भी नहीं पहुँचाया जाना चाहिए। इसी सोच के साथ अनाजू गुणवत्ता, विश्वास और पारदर्शिता को अपने कार्यों का आधार बना रहा है।

लगभग 120 उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला'

अनाजू के उत्पाद समूह में वर्तमान में लगभग 120 प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। इनमें अनाज, दालें, आटा, मसाले, बीज, सूखे मेवे सहित अन्य खाद्य उत्पाद सम्मिलित हैं। स्थानीय स्तर से शुरुआत करते हुए कंपनी ने अपनी वेबसाइट और फ्लिपकार्ट के माध्यम से बिक्री प्रारंभ की है। इसके साथ ही अमेजन पर भी अपनी उपस्थिति बनाई है। इस प्रकार ब्यावरा से शुरू हुआ यह उद्यम डिजिटल माध्यमों के जरिए अधिकाधिक ग्राहकों तक पहुँचने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

25 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार, 19 महिलाओं को मिला अवसर

अनाजू स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में भी योगदान दे रहा है। कंपनी द्वारा अब तक 25 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया गया है। इनमें 19 महिलाएँ शामिल हैं, जिन्हें उत्पादों की छँटाई और सफाई जैसे कार्यों में मजदूरी के आधार पर रोजगार मिला है।

किसानों के सहयोग से स्थानीय ब्रांड को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य

अनाजू का आगामी लक्ष्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना, किसानों को सहयोग देना तथा खाद्य प्रसंस्करण और पैकेजिंग की क्षमता विकसित करना है। कंपनी अपने उत्पादों की पहुँच का विस्तार करते हुए राजगढ़ जिले के इस ब्रांड को देशभर के ग्राहकों तक पहुँचाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। ब्यावरा से शुरू हुई अनाजू की यह पहल स्थानीय उद्यमिता, महिला रोजगार, खाद्य गुणवत्ता और तकनीक आधारित नवाचार के समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा

ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती बंद कर किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ द्वारा राज्यपाल मध्यप्रदेश शासन के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रतसिंह खींची के नेतृत्व में कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश सहित पूरे देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों पर निर्भर है। ऐसे में किसानों को फसलों की बुवाई, सिंचाई एवं उत्पादन के लिए समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती के कारण किसान, व्यापारी, विद्यार्थी एवं आम नागरिक परेशान हैं।



ज्ञापन में यह रखी प्रमुख मांगें

- राजगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए।
- किसानों को सिंचाई एवं कृषि कार्यों के लिए निर्धारित समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए।
- ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
- बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों की समस्याओं का जिला स्तर पर तत्काल समाधान किया जाए।
- विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण विरोध एवं अपनी आवाज उठाने वाले नागरिकों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिले में बिजली की समस्या का समाधान करने के बजाय ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निराकरण करना प्रशासन एवं विद्युत विभाग की जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभाग तत्काल हस्तक्षेप कर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था में सुधार करें, ताकि किसानों को राहत मिले और आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

नमकीन निर्माण में उपयोग हो रहा 20 किलो जला तेल कराया नष्ट, मिठाइयों के सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा बुधवार को नरसिंहगढ़ स्थित सांवलिया स्वीट्स एवं अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सांवलिया स्वीट्स से लौंग सेव एवं मावा रोल तथा अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स से मावा एवं अन्य मिठाइयों के नमूने जांच के लिए गए। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान सांवलिया स्वीट्स में सेव नमकीन का निर्माण किया जा रहा था। यहां कढ़ाई में कॉटन सीड ऑयल का जला हुआ तेल उपयोग में लिया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर मौके पर ही लगभग 20 किलोग्राम जला हुआ तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 4 हजार रुपये है, नष्ट कराया गया। इसी तेल से निर्मित लौंग सेव नमकीन का नमूना भी जांच के लिए लिया गया है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने संबंधित संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।



अफीम नीति में देरी से किसानों की चिंता बढ़ी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर ने केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिख रखीं मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने 15 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आगामी अफीम नीति शीघ्र घोषित करने तथा अफीम उत्पादक किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय पर अफीम नीति घोषित नहीं होने से किसानों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, इस वर्ष कम बारिश होने के कारण खेती-किसानी की परिस्थितियां भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं। ऐसे में नीति की घोषणा में देरी किसानों की आगामी फसल की तैयारी और उत्पादन प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। गुर्जर ने पत्र के माध्यम से मांग की कि केंद्र सरकार अफीम नीति को बिना किसी अनावश्यक विलंब के घोषित करे, ताकि किसानों को समय रहते स्पष्ट दिशा-निर्देश मिल सकें और वे आगामी फसल की तैयारी उचित ढंग से कर सकें।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने केंद्र सरकार से मांग की..

आगामी अफीम नीति शीघ्र घोषित कर किसानों की लंबे समय से बनी अनिश्चितता दूर की जाए। पात्र किसानों के लाइसेंस, पात्रता एवं नवीनीकरण संबंधी नियम समय पर स्पष्ट किए जाएं, ताकि किसान आगामी फसल की तैयारी कर सकें। कम बारिश और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किसानों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक राहत एवं सहयोगात्मक उपायों पर विचार किया जाए। अफीम उत्पादक किसानों के हित में लाइसेंस, उत्पादन एवं अन्य नीतिगत प्रावधानों को पारदर्शी और किसानहितैषी बनाया जाए।
नीति संबंधी निर्णयों और आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी किसानों तक समय पर पहुंचाई जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों और आर्थिक नुकसान की आशंका से बचाया जा सके। गुर्जर ने कहा कि अफीम उत्पादक किसान देश की कृषि अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके बावजूद नीति की घोषणा में देरी और कम बारिश जैसी परिस्थितियां उनके सामने अतिरिक्त चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। सरकार को किसानों की वास्तविक परिस्थितियों को समझते हुए संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए।

मन्नत जैन और भीनी दुग्गड़ का राज्यस्तरीय शालेय क्रिकेट के लिए चयन



मंदसौर। यूनिक क्रिकेट अकादमी मंदसौर की नियमित खिलाड़ी मन्नत जैन एवं भीनी दुग्गड़ का राज्यस्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के 17 वर्ष बालिका वर्ग के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 अक्टूबर तक शिवपुरी में किया जाएगा। दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ी उज्जैन संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। दोनों खिलाड़ियों के चयन से यूनिक क्रिकेट अकादमी में हर्ष का माहौल है।

केंद्रीय संयुक्त महामंत्री जी. स्थानुमलयन ने दिया मार्गदर्शन

विश्व हिन्दू परिषद मंदसौर विभाग की त्रैमासिक कार्ययोजना बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

विश्व हिन्दू परिषद मंदसौर विभाग की त्रैमासिक कार्ययोजना को लेकर केंद्रीय पदाधिकारी का प्रवास हुआ। इस अवसर पर मंदसौर स्थित सिंधु महल में विभागीय बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम राम दरबार एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, सेवा कार्यों, सामाजिक समरसता एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मंच पर विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री जी. स्थानुमलयन, मालवा प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, प्रांत सह सेवा प्रमुख आशुतोष शेखावत एवं विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला उपस्थित रहे।

इस अवसर पर तीनों जिलों के अध्यक्ष, मंत्री, संयोजक, मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ताओं ने श्री जी. स्थानुमलयन का स्वागत करते हुए विश्वविख्यात भगवान अष्टमुखी पशुपतिनाथ महादेव की प्रतिमा भेंट की। बैठक का संचालन विभाग संयोजक श्री खुमान सिंह ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देतेर हुए केंद्रीय संयुक्त महामंत्री श्री जी. स्थानुमलयन ने आगामी त्रैमासिक कार्ययोजना एवं संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक कार्यों में कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार बनाने की आवश्यकता है। संगठन के प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता रखनी चाहिए तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्व को स्वयं का कार्य समझकर पूर्ण निष्ठा से करना चाहिए।



बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के आगामी हित चिंतक अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। यह अभियान 23 नवंबर से 6 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर समाज के लोगों को संगठन का हित चिंतक बनाएंगे। बैठक में अशोक जी सिंघल की 100वीं जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंदसौर विभाग के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना पर चर्चा हुई। इसके अंतर्गत सेवा प्रकल्प, रक्तदान कार्यक्रम, संगोष्ठियां एवं अन्य आयोजन किए जाएंगे।

बैठक में मालवा प्रांत मंत्री विनोद शर्मा ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए दुर्गा वाहिनी के संचलन, बजरंग दल की शौर्य यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस दौरान तीनों जिलों में दुर्गा वाहिनी के संचलन तथा संगोष्ठियों के आयोजन की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में मंदसौर विभाग के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों के प्रांत, विभाग, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श पर हुई चर्चा

मंदसौर में 'सिलसिला एवं तलाशे जौहर' का आयोजन



मंदसौर। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में बुधवार को मंदसौर में सिलसिला एवं तलाशे जौहर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ह्युउर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श विषय पर विचार-विमर्श के साथ शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्यिक, सामाजिक और मानवीय सरोकारों को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अजीजुल्ला ख़ान ने ह्युउर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्त्री विमर्श केवल औरत के दुख-दर्द का बयान नहीं, बल्कि उसकी पहचान, अधिकारों, इच्छाओं, स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान की बात भी है। उर्दू साहित्य ने औरत को महबूबा, माँ और संघर्षशील, स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत किया है। आधुनिक लेखिकाओं और शायरों ने उसकी आवाज, सवालों और बराबरी की माँग को प्रमुखता दी है। उन्होंने कहा कि स्त्री विमर्श का उद्देश्य स्त्री-पुरुष विरोध नहीं, बल्कि सम्मान, समानता और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना है। औरत को महज किरदार नहीं, बल्कि मुकम्मल इंसान समझना ही सच्ची सामाजिक प्रगति है। कार्यक्रम में उपस्थित शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, आपसी सद्भाव, मानवीय संवेदनाओं और साहित्यिक मूल्यों को अभिव्यक्त किया।

ग्राम देवरी में नवजात शिशु मिलने से मचा हड़कंप पुलिस को दी सूचना



शामगढ़/मंदसौर। शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में एक नवजात शिशु को फेंके जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और शामगढ़ पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मामले को लेकर ग्रामीणों में चर्चा का माहौल है। नवजात शिशु को किसने और किन परिस्थितियों में वहां छोड़ा, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वही नवजात शिशु को जिला चिकित्सालय भेजा गया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

चौथे दिन कांग्रेस के प्रदेश सचिव सोमिल नाहटा ने की महाआरती

गांधी नगर गरबा महोत्सव बना मन्दसौर की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नगर के प्रमुख एवं प्रतिष्ठित गरबा आयोजनों में शुमार नव दुर्गा गरबा समिति, गांधी नगर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य गरबा महोत्सव का अत्यंत हर्षोल्लास एवं भक्तिमय माहौल में आयोजन किया जा रहा है। मन्दसौर नगर के इस मुख्य गरबा महोत्सव में प्रतिदिन माताओं एवं बहनों द्वारा एक जैसी आकर्षक वेशभूषा में उपस्थित होकर भिन्न-भिन्न विधाओं और शैलियों में गरबे की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं, जो समूचे क्षेत्र के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।



नवरात्रि पर्व के पावन चौथे दिन महाआरती के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव सोमिल नाहटा, वरिष्ठ पत्रकार प्रतिपाल सिंह राणा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता तरुण खींची विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान अतिथियों का स्वागत समिति संरक्षक कुशाल सिंह शक्तावत, राजेंद्र सिंह राणा, राजेंद्र सिंह राणावत, गोवर्धन सिंह सोलंकी, मनोहर लाल चौहान, मार्गदर्शक रघुवीर सिंह देवड़ा, के सी शर्मा, प्रेमचंद बामणिया, बालमुकुंद दुबे, सत्यनारायण राव, मदन मालवीय, अशोक गौड, धर्मपाल सिंह देवड़ा, जगदीश शर्मा, अध्यक्ष रामनारायण प्रजापति, उपाध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी, भोला भारती सोनी, सुरेश जोशी, जगदीश मालवीय, कोषाध्यक्ष सुनील बसेर, सचिव रतन लाल चौहान, सह सचिव पूरनमल प्रजापति, मंच संचालनकर्ता हस्तीमल सांखला व जितेंद्र सिंह सिसौदिया, व्यवस्थापक मुकेश गुर्जर, नवीन तिवारी, बिंदुपाल सिंह राठौर एवं समिति सदस्य सुरेश शर्मा, बाबूलाल डांगी, भेरूलाल सांवरा, विजेंद्र सिंह चुण्डावत तथा सुरेंद्र सिंह आदि द्वारा किया गया।

